KU Newsletter

April 2025/ Edition 1, Vol. 1, चैत्र मास, विक्रम संवत २०८२

www.kuk.ac.in

मन्थन विकसित भारत पर : कुवि होगा मेजबान – कुलपति

कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र आगामी 24 अप्रैल को एक ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। विकसित भारत मिशन 2047 पर आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति विचार–विमर्श करेंगे और देश के विकास में उच्च शिक्षा की भूमिका पर चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन में विकसित भारत के निर्माण में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका और जिम्मेदारी पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही, मिशन 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों और कार्य योजनाओं पर भी गहन चर्चा होगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली, नैक द्वारा ए–प्लस–प्लस ग्रेड प्राप्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार, इंडियन कांउसिल आफ एग्रीकल्चर रिसर्च, नई दिल्ली, यूनिवर्सिटी ऑफ अगदर, नार्वे, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक तथा आर्गेनाइजर मैगजीन, मीडिया पार्टनर के संयुक्त तत्वावधान में "विजन 2047: समृद्ध और महान् भारत" विशय पर 24–26 अप्रैल, 2025 को तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक प्रो. सुषील शर्मा एवं प्रो. अनिल मित्तल ने बताया कि सम्मेलन की मुख्य आयोजन समिति में मुख्य सलाहकार निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक श्री स्वामीनाथन गुरुमूर्ति, जो. हो कॉर्पोरेशन के सीईओ श्री श्रीधर वेम्बू, अध्यक्ष, यूनेस्को–एमजीआईईपी प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा, नीति आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. राजीव कुमार, आईसीएआर नई दिल्ली के डायरेक्टर जनरल डॉ. हिमांशु पाठक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज होंगे। इस अवसर पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि मीडिया मैनेमेंट आर्गेनाइजर सलाहकार वीकली के एडिटर प्रफुल्ल केतकर, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग सलाहकार स्मार्ट ग्रिड एंड रिनुएवेबल एनर्जी यूनिवर्सिटी ऑफ अगदर नार्वे से प्रो. मोहन लाल कोल्हे तथा कृषि गतिविधियों के सलाहकार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के रिसर्च निदेशक डॉ. राजेश गर्ग होंगे। जेएनयू दिल्ली से प्रो. प्रदीप चौहान, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली से डॉ. सरबजीत कौर, आ. इसीएआर से प्रिंसीपल सांइटिस्ट डॉ. सत्यप्रिया व

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से डॉ. अनिल वत्स सम्मेलन के संयोजक होंगे। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए देश–विदेशों के शोध विद्वानों के शोध पत्र आमंत्रित किए हैं। इस बारे आप अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की वेबसाइट https://swadeshishodh-org and https://mybharat2047-com से प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यार्थियों की रचनात्मकता को नये आयाम देगा न्यूज लेटर : राज्यपाल



बंडारू दत्तात्रेय
राज्यपाल, हरियाणा

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में संचार कौशल विकास हेतु न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है। यह एक शानदार पहल है, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों में संचार कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए इस न्यूज लेटर के प्रकाशन का आरंभ कर रहा है, जो बेहद सराहनीय है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों की प्रतिभा को तराशने वाले इस उपक्रम के लिए मैं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व उनकी पूरी टीम के सा. थ–साथ सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूं। न्यूज लेटर के सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभ. कामनाएं करता हूं''।

छात्रों में संचार कौशल का विकास करेगा न्यूज लेटर : मुख्यमंत्री

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार

मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में संचार कौशल विकास हेतु न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है। देश में सबसे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व इससे सम्बन्धित महाविद्यालयों में सभी प्रावधानों के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को लागू किया गया है। यह प्रतिष्ठित संस्थान विद्यार्थियों की मौलिकता को उद्घाटित करने के व्यावहारिक प्रयास निरतंर और द्रुत गति से कर रहा है। आशा है कि न्यूज लैटर का प्रकाशन पत्रकारिता के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च मानदंड स्थापित करते हुए क्षेत्र और समाज के सभी वर्गों की अभिरुचि को ध्यान में रखकर किया जाएगा। मैं न्यूज लेटर के सफल प्रकाशन हेतु मेरी अनंत शुभकामनाएं ।

नूतन प्रयासों क्रम में नया कदम न्यूज लेटर : कुलपति



प्रो.सोमनाथ सचदेवा
कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

किसी भी विश्वविद्यालय पर एक बड़ा दायित्व होता है कि उसे समय की जरूरतों के अनुरूप खुद को नया बनाना होता है। कालखंड अनुसार नवीनतम प्राप्त करके ही वह देश और समाज में अपना योगदान दे पाता है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने इस दायित्व को बखूबी समझता रहा है, वह पठन–पाठन को दुनिया के बदलावों की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतारने की यात्रा पर निर्बाध गति से आगे बढ़ रहा है। एनईपी –2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पूरे देश में सर्वप्रथम लागू किया है। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान जो उत्तर भारत में अपनी अलग पहचान रखता है के संपादकीय नेतृत्व में प्रकाशित इस न्यूज लेटर के इस अंक को पाठकों को सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है।

जनसंचार के छात्रों को नये आयाम देगा न्यूज लेटर : कुलसचिव

ले. (डॉ.) वीरेन्द्र पाल
कुलसचिव, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में संचार कौशल विकास हेतु न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा रहा है। यह एक शानदार पहल है, जो विश्वविद्यालय में जनसंचार को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों में संचार कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए इस न्यूज लेटर के प्रकाशन का आरंभ कर रहा है। यह न्यूज लेटर विश्वविद्यालय की प्रगति को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। मुझे विश्वास है कि यह न्यूज लेटर विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्ष . कों और कर्मचारियों के बीच संचार को बढ़ावा देगा 'न्यूज लेटर' के सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

कुवि ने संस्कृति सरक्षंण के क्षेत्र में स्थापित किए नये प्रतिमान

प्रो. महा सिंह पुनिया
निदेशक
आईएमसीएंडएमटी, कुवि

कुरुक्षेत्र।
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सदैव हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अलग पहचान है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का धरोहर हरियाणा संग्रहालय ऐतिहासिक एवं अद्वितीय है जो संस्कृति संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संग्रहालय के माध्यम से कुवि हरियाणा लोक कला एवं पारंपरिक संस्कृति को दुनिया के हर कोने में प्रचार एवं प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक यह संग. हालय आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाणवी संस्कृति के गौरवमयी इतिहास से जुड़ने एवं जानने का अहम कार्य करेगा। समाज में विकृतियां बढ़ रही हैं ऐसे में नैतिक एवं मानव जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए ऐसे सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना करना आवश्यक है अभी हाल ही में कुवि ने एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा यूपी में आयोजित 38वें अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ओवर ऑल तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में भारत के अलग. अलग राज्यों के 130 विश्वविद्यालय ने भाग लिया था। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने थियेटर में ओवर ऑल दूसरा प्रोसेशन एवं हरियाणवी लोक नृत्य दूसरा हिंदी नाटक में द्वितीय हास्य नाटिका में प्रथमए मूक अभिनय में विश्वविद्यालय की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। फोक आर्केस्ट्रा में विश्वविद्यालय की टीम प्रथम एवं क्ले माडलिंग में द्वितीय एवं कोलॉज में तृतीय रंगोली में प्रथम तथा डिबेट में चौथे स्थान पर रही।

रत्नावली महोत्सव पूरे विश्व में हरियाणवी संस्कृति का परचम लहरा रहा है। संस्कृति के इस महाकुंभ में राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में 34 विधाओं में 3000 से अधिक कलाकार अपनी भागेदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

इस महोत्सव में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति से दूर हटकर हरियाणवी संस्कृति को आगे बढ़ा रही है। कुवि ने रत्नावली के माध्यम से लूर नृत्य गायन शैलियां लोक विनोद पगड़ी रागनी हरियाणवी नाटक रसिया हरियाणवी आर्केस्ट्रा आदि कलाओं को संरक्षित करने का कार्य किया है।

इस महोत्सव के माध्यम से युवा पीढ़ी हरियाणवी संस्कृति को सहेजने का काम भी कर रही है। हरियाणा में लुप्त हो चले 'लूर' नृत्य को रत्नावली महोत्सव में शामिल कर लूर नृत्य को जीवन्त किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र परिवार हरियाणा संस्कृति के संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्प रखता है।

यूआईईटी संस्थान द्वारा कुवि में आयोजित 'विज्ञान, आधुनिक शिक्षा व जीवन प्रबंधन' विषय स्वामी ज्ञानानंद ने विद्यार्थियों से किया संवाद

गीता की शिक्षा आज की आवश्यकताओं के अनुरूप

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा के स्वरूप का दूसरा नाम नाम जीवन का सर्वांगीण विकास है। यहीं से शिक्षा के साथ जीवन प्रबंधन भी जुड़ा हुआ है। यदि जीवन में धन कमा लिया लेकिन मन, स्वास्थ्य ही ठीक नहीं है व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि जीवन के उत्थान के लिए सत्संग जरूरी है। इसके साथ ही पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने युवाओं की जीवन की शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कुरुक्षेत्र।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा है कि जीवन प्रबंधन की समग्र शिक्षा का सार गीता में समाहित है। गीता की शिक्षा आज के आवश्यकताओं के अनुरूप है। जो मनुष्य की बुद्धि को सचेत बनाये रखती है और बताती है क्या करना है क्या नहीं। उसमें जो भेद बताए वही गीता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरूप श्रीमद्भ. गवद्गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

कुवि के श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रन्थ नहीं बल्कि इसमें मानव जीवन की समस्याओ का समाधान मिलता हैं। यह उद्गार पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महा. राज ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडि. टोरियम हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के संरक्षण में यूआईईटी संस्थान द्वारा श्रीम. द्भगद्गीताः विज्ञान, आधुनिक शिक्षा व जीवन

प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।

इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता भारत का ही नहीं अपितु पूरे विश्व का गौरव है। यह ग्रंथ केवल हिन्दुओं के लिए हि नहीं अपितु पूरी विश्व की मानवता के लिए है। उन्होंने कहा कि गीता में अर्जुन विश्व के हर उस युवक का प्रतिनिधित्व करता है जो कहीं न कहीं मानसिक रूप से बाधित है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवदगीता में मनुष्य की वर्तमान समस्याओं का समाधान निहित है। यदि हर शिक्षक, प्रोफेसर पवित्र ग्रंथ गीता की सोच को अपनाकर शिक्षा दे तो निश्चित ही शिक्षा क्षेत्र में अद्भुत, सकारात्मक, रचनात्मक क्रांति का संचार होगा।

उन्होंने तीन 'ए' के बारे में कहा कि यदि मनुष्य जीवन में अपने कर्म के प्रति एक्टिव, अलर्ट एवं अवेयर रहेंगे तो एकाग्रता को प्राप्त कर जीवन में अवश्य सफलता प्राप्त कर सकते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ को आत्सात करने से ही विद्यार्थियों में एकाग्रता, आत्मविश्वास जागृत होगा जो उनकी स्मरण शक्ति को भी मजबूत करेगा। गीता मनुष्य के अंदर छुपी हुई क्षमताओं का विकास करती है तथा मन को एकाग्र करती है। यह हमें जीवन में समय प्रबंधन भी सीखाती है, तथा भविष्य की चिंता न करने व वर्तमान को संभालने का संदेश भी देती है। गीता का भक्ति योग मन को एकाग्र करने के लिए है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं गीता संस्थान मिलकर करेगा पाठ्यकम आंरभ

कुवि गीता पर करेगा बी.ए. (गीता स्टडीज) पाठ्यक्रम आरम्भ : कुलपति

कुरुक्षेत्र। यूआईईटी संस्थान द्वारा श्रीमद्भगद्गीताः विज्ञान, आधु. निक शिक्षा व जीवन प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि गीता के दिव्य ज्ञान को शोध, पाठ्यक्रम एवं संवादों के माध्यम से शिक्षा के हर स्तर पर पहुंचने की आवश्यकता है ताकि अगली पीढ़ी तकनीकी के साथ आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध हो। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जल्द ही बीए गीता स्टडीज प्रोग्राम को गीता संस्थान के साथ शुरू करेगा तथा भविष्य में पीजी एवं पीएचडी के स्तर पर भी ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केयू ने वेल्यू एडिड कोर्स के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरूप गीता ज्ञान संस्थान के साथ एमओयू भी किया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान, आधुनिक शिक्षा एवं जीवन प्रबंधन जैसे गूढ़ विषयों पर पूज्य स्वामी की अमृतवाणी हृदय को छू गई चिंतन को भी एक नई दिशा प्रदान कर गई। उन्होंने कहा गीता धार्मिक ग्रंथ हीं नहीं बल्कि जीवन जीने का शास्त्र एवं जीवंत मार्गदर्शन है। शिक्षा का अर्थ केवल सूचना का संचय ही नहीं बल्कि बुद्धि एवं विवेक का विकास है। वर्तमान में जब युवा पीढ़ी मानसिक तनाव एवं निर्णय असमर्थता से जूझ रहीं हैं तब गीता का निष्काम कर्म का संदेश उन्हें संयम एवं धैर्य की ओर अग्रसर करता है। कार्यशाला के संरक्षक एवं युआ. ईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं कार्यशाला के संयोजक डॉ. राजेश अग्निहोत्री ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया तथा डॉ. उर्मिला ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. ममता सचदेवा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, 48 कोर्स तीर्थ समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य विजय नरूला, निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा, डीन प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. कृष्णा देवी, प्रो. अनिल गुप्ता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया,

उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. ऋषिप. ाल मथाना, अशोक रोशा, डॉ. एमके मोद. गिल, डॉ. पवन दीवान, डॉ. प्रियंका जांग. ड़ा, डॉ. उर्मिला, डॉ. सविता गिल, सहित केयू डीन, निदेशक, विद्यार्थी मौजूद रहे

महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले पर दो दिवसीय संगोष्ठी

ज्योति राव फुले एक महान समाज सुधारक थे : कुलपति

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलने और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 7 व 8 अप्रैल को किया गया। पहले दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता करत हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि ज्योतिबा फुले भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। वे एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने जाति व्यवस्था,

महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की उनकी विरासत के रूप में में जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई, महिलाआ. ं के सशक्तिकरण और हाशिए पर पड़े लोगों तक शिक्षा के प्रसार में कई योगदान शामिल हैं। इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व संगोष्ठी के बारे में विस्. तार से बताया। इस अवसर पर संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष व एमरेटस पद्मश्री प्रो. रघुवेंद्र तंवर ने कहा कि इतिहासकारों ने ज्योतिराव फुले को स्थान नहीं दिया।

ज्योतिबा फुले के समतामूलक और समावेशी समाज के दृष्टिकोण ने भारत में कई सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव रखी। उनके कार्यों ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर सहित कई समाज सुधारकों को प्रेरित किया और आधुनिक भारत की सामाजिक न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता औरंगाबाद के प्रोफेसर उमेश बागडे, ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने समाज को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने अनुयायियों के साथ मिलकर निचली जातियों के लोगों को समान अधिकार दिलाने के लिए सत्यशोधक समाज का गठन किया। संगोष्ठी के गेस्ट आफ आनर रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता के प्रो. हितेन्द्र पटेल ने कहा कि ज्योतिबा फुले का महान काम सामाजिक न्याय, सर्व समाज को एकजुट करने का था।

70 से अधिक शोध–पत्र प्रस्तुत किए गए

इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने कहा कि इस दो दिवसीय संगोष्ठी में दूसरे दिन विश्वनाथ शिंदे, पूर्व निदेशक, महात्मा जोतिबा फुले चेयर, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी, मुख्य अतिथि और प्रोफेसर विक्टर बाबू, इतिहास विभाग, बीबीएयू, लखनऊ सम्मानित अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि प्रो.अर्चना मलिक–गौरे, दर्शनशास्त्र विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, सम्मानित अतिथि होंगी तथा प्रो. सुभाष चंद्र सैनी, हिंदी विभाग, समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों में प्रतिभागियों द्वारा ज्यो. तिबा फुले के जीवन दर्शन, समाज सुधार, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान, वंचित वर्ग, शिक्षा उत्थान आदि विषयों पर 70 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

गैर–सर्जिकल कैंसर उपचार पर संयुक्त शोध के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को मिला पेटेंट

शोध के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए कटिबद्ध : प्रो. सोमनाथ

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा और जूलॉजी विभाग के शिक्षक डॉ. जितेंद्र भारद्वाज को गैर–सर्जिकल कैंसर उपचार "एपोप्टोसिस इंड्यूसिंग कम्पोजीशन कॉम्प्रिजिंग ट्रायजोलोथियाजोलिल–ट्राई. जोल डेरिवेटिव ऑफ बेन्जेन्सल्फोनामाइड" नामक एक पेटेंट 19 अप्रैल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अनुसंधान समूह को बधाई देते हुए कहा कि हमने अनुसंधानकर्ताओं को प्रो. त्साहन, शोधकर्ताओं को सम्मानित करने, पेटेंट विशेषज्ञ के माध्यम से पेटेंट दाखिल करने की सुविधा, प्रोजेक्ट फाइलिंग के लिए सिंगल विंडो एक्सप्रेस अनुमोदन, केयू में अनुसंधान को बढ़ावा देने, इन्क्यूबेशन, स्टार्ट अप और इनोवेशन सेंटर और शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए व शोध को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए कटिबद्ध है। शिक्षकों को बेहतर शोध कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि शोध के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय भी देश–विदेश के बेहतर विश्वविद्यालयों के साथ शोध की गुणवत्ता के सभी मापदंडों पर खरा उतर सके।

प्रो. पवन शर्मा

डॉ. जितेंद्र भारद्वाज

इस अवसर पर प्रो. पवन शर्मा एवं डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि वर्तमान आविष्कार कैंसर के उपचार के लिए एपोप्टोसिस उत्प्रेरण रचना से संबंधित है। कैंसर से जुड़े प्रमुख मुद्दों में से एक बेकाबू सेल प्रसार के दौरान हाइपोक्सिया की स्थिति का विकास है जिसे ट्यूमर की प्रगति के प्रमुख चालकों के रूप में माना जाता है। ट्यूमर कोशिकाएं ट्यूमर सेल की प्रगति के दौरान हाइपोक्सिक स्थितियों को कम कैसपेस फंक्शन, तथा विभिन्न तंत्रों का उपयोग करके अनुकूलित करती हैं, इस प्रकार क्रमादेशित कोशिका कैंसर से होने वाली मृत्यु को रोकती हैं।

एपोप्टोसिस कोशिका मृत्यु का पहला पह. चाना जाने वाला मार्ग है जिसमें विभिन्न इंट्रासेल्युलर के साथ–साथ बाह्य संकेतन मार्ग द्वारा नियंत्रित गैर–लिटिक प्रकार क्रमादेशित कोशिका मृत्यु शामिल है।

गैर–सर्जिकल, गैर–विशिष्ट और प्रतिरक्षात्मक रूप से मौन होने के कारण, एपोप्टोसिस आणविक रूप से नियंत्रित कोशिका मृत्यु के लिए उपयोगी विधि का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए, शक्तिशाली एपोप्टोसिस प्रेरण प्रभावकारिता के साथ संपन्न नवीन कार्बनिक अणुओं के विकास को कैंसर के उपचार के लिए एक उपयोगी दृष्टिकोण माना जा रहा है।

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2024–25 की बनी चैम्पियन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के न्यू जिम्नेजियम हॉल में 24 फरवरी से 1 मार्च के बीच आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2024–25 में केयू महिला बास्केटबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केयू महिला बास्केटबाल टीम के सभी खिलाड़ियों, कोच एवं खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा को इसके लिए बधाई दी।

इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल के बतौर मुख्यातिथि न्यू जिम्नेजियम हॉल में पहुंचने पर केयू खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने उनका स्वागत किया। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने विजेता केयू महिला बास्के. टबॉल टीम की सभी महिला खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर विश्वविद्यालय, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित होने तथा हर क्षेत्र में आगे बढ़ने से ही देश तरक्की कर सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शोध, विज्ञान तथा खेल सहित सांस्कृतिक क्षेत्रों में हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं है।

3 से 8 मार्च के बीच आयोजित होने वाले ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बा. स्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए भी केयू महिला बास्केटबॉल खिलाड़ियों को शुभक. ामनाएं दी। इस अवसर केयू खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने बताया कि केयू ने नॉथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल टीम के फाइनल में पंजाब यूनिवर्सिटी चंड. ीगढ़ को 61–45 से मात देकर विजेता का खिताब जीता। वहीं एक अन्य प्रतियोगिता में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर को 67 – 37 से हराया।

गौरतलब है कि नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में लगभग 41 विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया कि 3 मार्च से 8 मार्च 2025 के बीच कुवि के न्यू जिम्नेजियम हॉल में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। इस मौके पर कोच राजेश राजौंद, राजेश मैहला, मोनिका, मलकीत सिंह डॉ. राजेश सोबती तथा सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

धरोहर म्यूजियम का स्थापना दिवस 28 अप्रैल को मनाया जाएगा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित धरोहर हरियाणा संग्रहालय के स्थापना दिवस के अवसर पर 28 अप्रैल को हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा होगे। धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे भारत का एकमात्र ऐसा संग्रहालय है जिसके माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है। यह युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक माध्यम है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए धरोहर जैसे संग्रहालय को स्थापित किया। धरोहर कल्चर, इतिहास व विश्वविद्यालय की दूरदृष्टि का परिणाम है। वर्तमान में धरोहर की पहचान विदेषो तक पहुंच चुकी है।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया : सुनील बंसल

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान एवं विधि प्रकोष्ठ द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार बेदी (कैबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय, अधिकारिता) ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि एक राष्ट्र एक चुनाव आधुनिक भारत की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके तहत लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ हो सकते हैं जिससे शासन में निरंतरता आएगी, वित्तीय बोझ कम होगा और प्रशासनि पर काम का बोझ कम होगा। विशिष्ट वक्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि किसी भी जीव. ंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है।

आईटीआर में इको क्लब के अतंर्गत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंध ान संस्थान में इको क्लब के अंतर्गत ब्लूम एंड ब्यूटी गतिविधि के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या प्रो. अनीता दुआ ने कहा कि इको क्लब पर्यावरण सरंक्षण से जुडे मुद्दों पर काम करता है व छात्रों के जीवन कौशल को भी विकसित करता है। इसके साथ ही इको क्लब छात्रों, शिक्षकों व समुदाय को एक मंच पर लाने का काम करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ पौधा रोपण कर किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गति. विधियों के माध्यम से छात्रों में पर्यावरण के प्रति जाग. रूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और माइक्रो–क्रेडेंशियल्स पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

देश में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एनईपी–2020 लागू करने में प्रथम : कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

कुरुक्षेत्र।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्व ारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से सीनेट हॉल में उच्च शिक्षा संस्थानों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और मा. इक्रो–क्रेडेंशियल्स पर एक दिवसीय संवे. दीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एनईपी 2020 बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है, जिसमें प्रवेश और निकास के कई विकल्प दिए जाते हैं, जिससे शिक्षार्थियों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में अधिक लचीलापन मिलता है। इसे अकादमिक बैंक ऑफ क्रे. डिट (एबीसी) के माध्यम से सुगम बनाया जाता है, जो शैक्षणिक उपलब्धियों के निर्बाध हस्तांतरण और मान्यता को सक्षम बनाता है, व्यक्तिगत और लचीले शिक्षण मार्गों को बढ़ावा देता है। प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि माइक्रो–क्रेडेंशियल कोर्स उच्च शिक्षा में सीखने को बढ़ाने के लिए एक लचीले और लक्षित तरीके के रूप में उभर रहे हैं। वे छात्रों को कम समय में विशिष्ट कौशल और दक्षता हासिल करने में सहायक हैं, जिससे शिक्षा अधिक सुलभ और उद्योग–प्रासंगिक हो जाती है। एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा का पारंपरिक मॉडल – जिसमें कई वर्षों तक चलने वाली लंबी और महंगी डिग्री शामिल थी – बदलने लगा, तथा इसकी जगह छोटे, उद्योग – केंद्रित कार्यक्रमों ने ले ली। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक द्वारा उच्चतम ग्रेड ए–प्लस–प्लस प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ विश्वविद्यालय तथा संबंधित कॉलेजों में देश में सर्वप्रथम लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि शोध, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में विश्वविद्यालय ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आईआईएम नागपुर के निदेशक प्रो. भीमार्या मैत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य चरित्र निर्माण, रोजगारपरक शिक्षा तथा एसडीजी के 17 लक्ष्यों को प्राप्त करना है। एनईपी–2020 व्यावसायिक शिक्षा और कौशल–आधारित शिक्षा पर जोर देती है। एनईपी–2020 अल्पकालिक, लचीले और मॉड्यूलर शिक्षण कार्यक्रमों (माइक्रो क्रेडेंशियल्स) को प्रोत्साहित करता है। पहले सत्र में रमेश वेंकट, उपाध्यक्ष, टीएन कौशल विकास निगम ने उच्च शिक्षा में कौशल–आधारित पाठ्यक्रम पर अपनी प्रस्तुति दी। दूसरे सत्र में सुनील कुमार, सहायक निदेशक, बीओएटी (उत्तरी क्षेत्र) ने एनईपी 2020 में परिकल्पित राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुता एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रम पर अपनी प्रस्तुति दी। इस सत्र की अध्यक्षता कुवि के दूरस्थ एवं ऑनला. इन शिक्षा केंद्र की निदेशक प्रो. मंजुला चौधरी ने की तथा किशनवीर सिंह शाक्य, पूर्व सदस्य, यूपीपीएससी मोडरेटर थे। तीसरे सत्र में अनुज गंगोला, नैसकॉम द्व ारा अपने करियर को भविष्योन्मुख बनानाः आजीवन सीखना विषय पर प्रस्तुति दी गई। इस सत्र के अध्यक्ष एवं संचालक प्रो. पवन कुमार शर्मा, डीन (अनुसंधान) एवं निदेशक आईक्यूएसी, सीयूएच, महेंद्रगढ़ रहे। चौथा सत्र उच्च शिक्षा में पूर्व शिक्षा की मान्यता विषय पर हुआ जिसमें डॉ. राज नेहरू, ओएसडीध्मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार और पूर्व कुलपति, एसवीएसयू, पलवल द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस सत्र के अध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार तोमर, कुलपति, जेसीबीयूएसटी, फरीदाबाद व मॉडरेटर प्रो. मंजुला चौधरी, निदेशक, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र रहे।

शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए : शिक्षामंत्री

कार्यशाला के लिए हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बधाई संदेश प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि युवाओं को जीवन में वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करने का माध्यम होनी चाहिए। आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक कौशल भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हरियाणा सरक. ार द्वारा शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सांझेदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के अवसर मिले।

प्लास्टिक के नुकसान–संयम ही समाधानः प्रो. संजीव

प्लास्टिक मनुष्य जाति के इतिहास में वरदान से कब बहुत बड़ा अभिशाप बन गई, इसका लोगों को समय रहते एहसास ही नहीं हआ। विशेषज्ञ कहते हैं कि अगर मनुष्य ने प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग में संयम नहीं बरता तो धरती रहने लायक नहीं रहेगी.।

आम लोग इसके नुकसान को कम करने में कैसे योगदान दे सकते हैं? अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी देने हेतु कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन साइंसिज और कैमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर, डॉ. संजीव अरोड़ा अभियान में जुटे हैं। आप प्लास्टिक के जल–थल पर होने वाले दुष्प्रभावों व उससे निपटने के उपायों पर केंद्रित विषयों पर 200 से अधिक वर्कशॉप विभिन्न संस्थानों में कर चुके हैं। 'केयू न्यूज लैटर' ने अपने पहले संस्करण हेतु उनका इंटरव्यू किया, जिसमें उन्होंने प्लास्टिक के अतिशय उपभोग के संभावित खतरों व उसके समाधान को लेकर बहुत उपयोगी जानकारी सांझी की।

प्लास्टिक का दु प्रभाव अभी छोटा खतरा है, मध्यम दर्जे का है या फिर एक बड़े भूकंप जैसा बनने जा रहा है, जो सबको हिला देगा?

एक बात हर पृथ्वीवासी को समझ लेनी

चाहिए कि खतरा लगातार बढ़ रहा है। संसार में हर साल 350 मीलियन टन प्लास्टिक प्रयोग के बाद फेंका जा रहा है। चिंताजनक पहलू यह है कि इतने कचरे का 10 प्रतिशत हिस्सा हर वर्ष समंदर में फेंका जाता है ।

अगर यह गति रही, तो भविष्य में समंदर में मछलियां कम और प्लास्टिक ज्यादा होगा। कब तक धरती पर इसके विशाल अंबार लगेंगे। अब इसको सहना न जल के वश की बात है न थल की।

क्या एक झटके में हम प्लास्टिक का प्रयोग बिल्कुल बंद कर सकते हैं?

बिलकुल संभव नहीं। पूर्णतः प्रयोग बंद करने का प्रयास सफल नहीं होगा। प्लास्टिक के इस अनियंत्रित आशीर्वाद को नियंत्रित करना ही सम्यक (मोस्ट एप्रोप्रिएट) तरीका होगा। अगर प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह बंद किया और हम कागज के अत्यधिक प्रयोग पर चले गए तो कागज निर्माण हेतु अतिरिक्त पेड़ काटे जाएंगे। यानी हम एक अति छोड़कर दूसरी अति पर चले गए। और भारतीय ऋषियों ने कहा कि 'अति सर्वत्र वर्जयते' यानी अति तो हर चीज की बुरी है।

सुनने में तो यह विचार बड़ा मधुर लगता है, पर क्या इसको क्रियान्वित करना इतना सरल है?

बिल्कुल सरल है। लोगों को प्लास्टिक के अतिशय प्रयोग की अपनी आदतें बदलनी होंगी। सस्ते प्लास्टिक का मोह हावी हो तो संयम रखें और कुदरत के अनुकूल दूसरे विकल्प प्रयोग करें । लोगों का यह संयम ही प्लास्टिक के संकट का समाधान बनेगा। और फिर अगर लोगा. ने कष्ट उठाया भी, तो किसके लिए उठाएंगे? कहने को तो प्रकृति के लिए, पर व्यावहारिक रूप से अपने आपको बचाने के लिए पूर्ण मनुष्य जाति को विनाश से बचाने के लिए यह प्रयास होगा

सुना है कि आप अपने जाग. रूकता अभियान में युवाओं को ऐसी सामग्री से बने पैन, पैंसिल ,बैग आदि बांटते हैं, जिनका प्रकृति को कोई नुकसान नहीं?

जी बिलकुल। अपनी सामर्थ्य के अनुसार युवाओं के बीच ऐसी सामग्री बांटता हूं। मैं 1500 से ज्यादा पेपर पैन अपने हाथों से बांट चुका हूं जो बायोडिग्रेडेबल होते हैं। रुचिकर पहलू यह है कि हर पैन, पैंसिल के भीतर कुछ बीज रखे होते हैं। प्रयोग के दौरान पैन टूटे तो उसे जमीन में गाड़ देते हैं ताकि वो बीज, पौधा बनकर प्रकृति को शक्ति प्रदान करें। इस रोचकता के चलते युवा इसे खुशी–खुशी अपनाते हैं।

क्या ये पैन, पैंसिल , बैग आदि इतने मजबूत होते हैं कि प्लास्टिक का विकल्प बन सकें? और क्या युवा इनको सहजता से अपनाते हैं?

साफ कहना चाहूंगा कि यह बहुत मजबूत तो होते नहीं, प्रयोग करते वक्त इनको नाजुकपन का ख्याल रखना पड़ता है। पर मजबूत इरादे से जो संभाल. कर प्रयोग करेगा वह प्रकृति को मजबूत करने का काम करेगा । इस धरती को बचाने का हम सबका सांझा जिम्मा है।

प्लास्टिक के नुकसान तो कभी से जग जाहिर हैं, पर बहुत शिक्षित लोग भी इसके मो. हपाश से बाहर क्यों नहीं आ पाए?

देखिए.. हद से ज्यादा सस्ता है, हद से ज्यादा सुविधाजनक। सस्ते और सुविध ाजनक में किसी को अपने मोह में भी बांधने की शक्ति होती है। अब यह मोह त्यागना होगा।

आपने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह बंद करना सं. भव नहीं? फिर यह छोटे प्रयास हमें कितनी सफलता दिलाएंगे?

सबसे बड़ा खतरा यूज एंड थ्रो प्लास्टिक है? फेंके गए प्लास्टिक के पैन, पॉलिथिन बैग, पाउच, सैशे पेट प्ला. स्टिक बोटल आदि के लगते अंबार चिंता का विषय बन रहे हैं जिनको रिसाइ. कल नहीं किया जाता। अगर लोगों ने रोजमर्रा की यूज एंड थ्रो प्लास्टिक निर्मित वस्तुओं के रूप में कोई सार्थक विकल्प अपना लिया, तो पर्यावरण संरक्षण की राह आसान होगी ।

आपने बहुत महत्वपूर्ण जानका. रियां दी सर, आपका केयू न्यूज लैटर टीम की ओर से आकाश भर आभार

– आपका भी शुक्रिया! कि आप मेरे जनजागरण अभियान का एक और संबल सिद्ध हुए।

साक्षात्कारकर्ता : अनिल , भावना व सृष्टि एमए मास कम्युनिकेशन अंतिम वर्ष

मल्टीमीडिया का जादुई जगत

रीतू , सहायक प्रोफेसर, आई.एम.सी.एम.टी., कुविकु

तकनीक के अपरिमेय विस्तार के युग में मीडिया का एक विस्तारित रूप मल्टीमीडिया बन गया। यहां कई तरह की तकनीक और मानव की रचनात्मकता मिलकर जादुई प्रभाव रचते हैं, जो लोगों को किसी भी कन्टेंट को कई रूपों में समझने में मदद करता है और वो भी खूब रोचकता के साथ।

टेक्नोलॉजी के बढ़ते विकास के साथ, मल्टीमीडिया न केवल मनोरंजन का जरिया बना है, बल्कि शिक्षा, व्यापार, विज्ञापन और संचार के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म्स जैसे कि बाइजू, अनअकैडमी और कोर्सेरा में मल्टीमीडिया का व्यापक उपयोग किया जाता है। मनोरंजन को नई ऊंचाइयों तक पहुंच. ाया है। वेबसाइट और एप्प डेवलपमेंट में मल्टीमीडिया तकनीकों का व्यापक प्रयोग वीडियो लेक्चर्स, इन्फोग्राफिक्स और इंटरएक्टिव कंटेंट से छात्रों को बेहतर सीखने का अनुभव मिलता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (नेटफ्लिक्स, अमेजन वीडियो प्राइम, सोनी लिव और जिओ हॉटस्टार), ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल म्यूजिक स्ट्रीमिंग ने मल्टीमीडिया के जरिए

हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन और ब्रांड प्रमोशन के लिए मल्टीमीडिया कंटेंट (वीडियो, ग्राफिक्स, जी आई एफ इमेजेस) का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।

सोशल मीडिया और इ–कॉमर्स के लिए मल्टीमीडिया कंटेंट क्रिएशन की मांग लगातार बढ़ रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे व्हाट्सप्प , इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्ड इन, थ्रेड्स एवं ट्विटर एक्स पर वीडियो, ग्राफिक्स और ऑडियो के माध्यम से संवाद अधिक प्रभावी हो गया है।

मल्टीमीडिया का सफरनामा की बात करें तो पहले अखबार, पत्रिकाएं और किताबें ही मुख्य संचार माध्यम थे। 1990 में कंप्यूटर ग्राफिक्स, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन और इंटरनेट के आने से डिजिटल संचार शुरू हुआ। डिजिटल डॉक्यूमेंट्स आए, जिससे फिजिकल पेपर की जरूरत कम हुई। सन् 2000 से 2010 तक, ब्रॉडबैंड और फाइबर इंटरनेट ने इमेज, वीडियो और ऑडियो शेयरिंग को आसान बना दिया। यूटयूब (2005) ने वीडियो कंटेंट को पॉपुलर किया। फेसबुक और इन्स्टाग्राम ने ग्राफिक्स और लाइव वीडियो को प्रमोट किया।

सन् 2010 से 2020 तक, स्मार्टफोन और 4जी/5जी ने मल्टीमीडिया संचार को ज्यादा तेज बना दिया। वर्चुअल मीटिंग, ऑनलाइन क्लास और डिजिटल मार्केटिंग का विस्तार हुआ। कोविड आपदा में जूम और गूगल मीट एप्प ने वर्चुअल मीटिंग्स को आसान बना दिया। टिक–टॉक और इंस्टा रील्स ने शॉर्ट वीडियो कंटेंट को ट्रेंड में ला दिया। टेलीमेडिसिन, मेडिकल एनीमेशन और डिजिटल रिपोर्ट्स मल्टीमीडिया का उपयोग कर रही हैं। मल्टीमीडिया विभिन्न वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और कंपनियों के योगदान का परिणाम है। वेंवर बुश, डगलस एंगल. बर्ट, टेड नेल्सन, टिम बर्नर्स–ली और मार्क एंड्रीसेन जैसे लोगों ने इसकी नींव रखी, और आज यह डिजिटल युग की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकों में से एक बन चुका है। आज के युग में मल्टीमीडिया सिर्फ मनोरंजन का साधन हीं नहीं, बल्कि डिजि. टल कम्युनिकेशन की रीढ़ बन चुका है।

कुदरत कुवि पर मेहरबान... भेजे दो और मेहमान

कुवि परिसर। **डॉ प्रदीप राय**

अपने परिसर में हरियाली का खजाना भरकर दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति (प्रकृति) की कृपा का पात्र बनने में न कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कोई कमी रखी, और न प्रकृति ने उस पर कृपा बरसाने में । बरसों से प्रकृति अपनी समृद्धि विश्वविद्यालय पर बरसा ही रही है, अब उसने अपने दो और प्यारे दूत(दो सुंदर पक्षी) विश्वविद्यालय परिसर में भेज दिए हैं।

अभी मार्च माह में विश्वविद्यालय की जैव विविधता के खजाने को और समृद्ध करने जो मेहमान परिंदे आए हैं, उनके नाम हैं 'ओरिएंटल पाइड हॉर्नबिल' और इंडियन पैराडाइज फ्लाई कैचर । हॉर्नबिल की सामान्य पक्षी से दोहरे आकार की बड़ी– सी रंग बिरंगी चोंच और बड़ा– सा शारी. रिक आकार अद्भुत है। प्राकृतिक संतुलन के नजरिए से इसके यहां वास करने के

बड़े गहरे अर्थ हैं।

प्राणीशास्त्र विभाग के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अमुक पक्षी को गत 27 मार्च को पहचान लिया और फोटो इत्यादि करते हुए उसको सुस्वागतम बोल दिया। संयोग यह रहा कि आयोजित 28 मार्च की दोपहर को इंडियन 'पैराडाइज को उड़ान भरते हुए कैमरे में कैद किया। अमुक पक्षी हॉर्नबिल की तरह सिर्फ पहली बार तो कुवि परिसर में नया तो नहीं आया, पर अनोखी



